प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की जनता ने अच्छी नीयत और नीतियों के कारण तीसरी बार भाजपा–एनडीए की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। देश समझ गया है कि आईएनडीआईए गठबंधन सांप्रदायिक और जातिवादी है। प्रधानमंत्री ने आज उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये बात कही।

****

राज्य में सातवें चरण के तहत पहली जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा में होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ मतदाताओं के लिए कई सुविधाओं का इंतजाम किया जा रहा है। इसके तहत दुमका संसदीय क्षेत्र के जामताड़ा जिले में अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है। इधर, राजमहल सीट के लिए इस बार कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इस लोकसभा क्षेत्र में साहिबगंज और पाकुड़ जिले भी शामिल हैं। हमारे साहेबगंज संवाददाता ने बताया है कि मतदान में रुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न मतदान केंद्र पर डॉल्फिन बूथ, सोहराय पेंटिंग और फॉसिल्स पार्क जैसे लोक आकर्षण वाले पेंटिग्स से बूथों को सजाया गया है।

****

फेफड़े के कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर ने रांची के वरिष्ठ पत्रकार और लंग कैंसर के अंतिम स्टेज के मरीज रवि प्रकाश को इस साल के पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवार्ड के लिए चुना है। रवि प्रकाश को यह पुरस्कार अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सैन डिएगो शहर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑन लंग कैंसर के दौरान सात सितंबर को दिया जाएगा। यह पुरस्कार लंग कैंसर के क्षेत्र में मरीजों के मुद्दों को उठाने वाले शख्स को हर साल दिया जाता है। इस साल भारत से पत्रकार रवि प्रकाश को चुना गया है। रवि प्रकाश जनवरी 2021 से लंग कैंसर से जूझ रहे हैं।

****

हजारीबाग के चौपारण पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक ट्रक में 14 ऊंटों को लादकर पश्चिम बंगाल के वधशाला ले जाते पकड़ा गया है. थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि चोरदाहा चेकपोस्ट पर सघन जांच के क्रम में पाया कि एक ट्रक में कुल 14 ऊंटों को बर्बरतापूर्वक लादकर ले जाया जा रहा है, जिसमें एक ऊंट की मौत भी हो चुकी थी। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश मेरठ के एक और राजस्थान के एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

****

नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत मारासिली पहाड़ पर रहने वाले लाल गिरी बाबा की सांप के काटने से मौत हो गई। घटना रविवार सुबह की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बताया कि सांप के काटने से लाल गिरी बाबा की मौत हुई है। फिलहाल जांच–पड़ताल की जा रही है।

****

गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आज उसरी फॉल में स्नान करने के दौरान डूबकर दो युवकों की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि देवघर से युवक पिकनिक मनाने के लिए गिरिडीह के उसरी फॉल आए हुए थे। स्नान के क्रम में ये गहरे पानी में चले गए जहां डूबने से इनकी मौत हो गई।स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाल लिया गया है।

****

राज्य के पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भागों में आज, कल और परसों कहीं–कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से यलो अलर्ट जारी करते हुए बताया गया है कि इस दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात भी हो सकता है। राज्य में अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन अगले दो से तीन दिनों में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है। 28, 29 और 30 मई को राज्य के पूर्वी भाग में कहीं–कहीं पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

*******समाप्त********